प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से एक सौ 3 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों को अपग्रेड और पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत प्रदर्शित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन स्टेशनों में कांगड़ा जिला में बैजनाथ–पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें रेलवे, सड़क, बिजली, पानी और नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं।

..........................................

पुण्यतिथि

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सद्भावना चौक छोटा शिमला में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए राजीव गांधी के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व प्रधानमंत्री के महान योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान किया और भारत की प्रगति को गति देने वाली कई परिवर्तनकारी पहलों की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का मजबूत आधार रखा, जिसके सकारात्मक परिणाम वर्तमान पीढ़ी को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने संविधान में संशोधन करके पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया।

इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा है कि तुर्कीए से सेब आयात पर प्रतिबंध के बजाय आयात शुल्क बढ़ाने चाहिए और वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 24 मई को अपने दिल्ली दौरे के दौरान ये मामला उठाएंगे।

..........................................

विमल नेगी

बहुचर्चित विमल नेगी मृत्यु मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले को लेकर आज हाईकोर्ट में न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत में सुनवाई हुई, जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला 23 मई के लिए सुरक्षित रखा है। मामले में एस.आई.टी और डी.जी.पी की स्टेटस रिपोर्ट में विरोधाभास सामने आया है जिसके बाद जांच संदेह के घेरे में है। विमल नेगी की पत्नी के अधिवक्ता आर.के बावा ने कहा कि मामले के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ हुई है और पुलिस की जांच भी अलग अलग है ऐसे में परिवार ने सीबीआई जांच की मांग की है।

----------------------------------------

ईपीएफओ–सदस्य

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने इस साल मार्च के दौरान 14 लाख से अधिक नए सदस्य जोड़े हैं। यह फरवरी 2025 की तुलना में 2 दशमलव शून्य तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया कि मार्च में ईपीएफओ में करीब सात लाख 54 हज़ार नए सदस्य जुड़े। 18 से 25 आयु वर्ग में करीब चार लाख 45 हज़ार नए सदस्य जुड़े। इसके अलावा, ईपीएफओ में दो लाख से ज़्यादा नई महिला सदस्य भी शामिल हुई।

----------------------------------------